कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री पीयूष कुमार गुप्ता, निवासी गोपाल बगीची के पास, बसवा रोड, जागीर बांदीकुई जिला दौसा–303313

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा

अपील संख्या 119/2022

निर्णय दिनांक 27.10.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को पत्र क्रमांकः डीएम/कोर्ट/2022/2453 दिनांक 12.10..2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा ने पत्र क्रमांकः आरटीआई/2022/1140 दिनांक 19.10..2022 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी दौसा से संबंधित होने से मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी दौसा को धारा 6(3) में स्थानान्तरित किया गया है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी दौसा से संबंधित होने एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी दौसा के विरूद्ध अपील का श्रवणाधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को नहीं होने से अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified
Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.02.15 12:58:42 IST
Reason: SelfAttested